दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरूवार 3 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-95

# परीक्षा में नहीं मिलेगी अब पूरक उत्तर पुस्तिका

## सीजी माध्यमिक शिक्षा मंडल का फैसला

रायपुर्। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा में अब से परीक्षार्थियों को मुख्यउत्तर पुस्तिका के भर जाने के बाद अलग से पूरक उत्तर पुस्तिका नहीं मिलेगी। बोर्ड ने मंगलवार को उत्तर पुस्तिका को लेकर बड़ा बदलाव किया है। साथ ही उत्तर पुस्तिका के पृष्ठों की संख्या 20 से बढ़ाकर 40 कर दी गई है। इससे पहले दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में छात्रों को 20 पेज की उत्तर पुस्तिका मिलती थी। पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि उत्तर पुस्तिका (सिर्फ कक्षा दसवीं के लिए लागू, बारहवीं में नहीं) में छात्रों के नाम, रोलनंबर, परीक्षा का विषय, दिनांक, कोड पहले से मुद्रित रहेगा।




सिर्फ लिखना होगा पेपर का सेट-मंडल ने जिस तरीके से आंसरशीट की डिजाइन बदली है। उसमें दसवीं के छात्रों को सिर्फ हस्ताक्षर कर अपने पेपर का सेट ही लिखना होगा। 40 पेज की उत्तर पुस्तिका के उपर 2 पृष्ठ पर ओएमआर शीट लगाई जाएगी। जिसेक तीन भाग होंगे। ए, बी और सी जिसमें पहले से छात्र का नाम, रोल नंबर सहित कई जरूरी जानकारी अंकित की गई होगी। बस इसमें छात्र को यह सावधानी रखनी होगी कि उन्हें अपना पेपर सेट का कोड भरने से पहले अपना नाम, नंबर और अन्य जानकारी अच्छी तरह चेक करनी होगी। ताकि गलती से वे किसी दूसरे बच्चे के उत्तर पुस्तिका में अपना पेपर कोड अंकित ना कर दें।

बदलाव से ज्यादा पारदर्शिता-शिक्षा सचिव डॉ वीके गोयल ने बताया है कि इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ा कारण परीक्षा और परिणामों में पारदर्शिता लाना है। इससे पहले कई बार बच्चे उत्तर पुस्तिका में गलत नंबर लिख देते थे जिसकी वजह से रोके गए परीक्षा परिणामों में वृद्धि हो रही थी और मूल्यांकन में उत्तर पुस्तिका की अदला-बदली भी नहीं हो सकेगी। उन्होने बताया कि पहले से छात्रों के नाम अंकित होने की वजह से छात्रों को भी काफी आसानी होगी। जिले में में 34 हजार तो बालोद में 24 हजार विद्यार्थी-दुर्ग जिले में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में बैठेने वाले छात्रों की संख्या कुल 34 हजार 790 है। इसमें दसवीं बोर्ड में 20 हजार 795 छात्र शामिल होंगे।

वहीं बारहवीं में छात्रों की संख्या 13 हजार 995 है। वहीं इस बार जिले में परीक्षा केन्द्रों की संख्या भी बढ़कर 124 हो जाएगी। क्योंकि हाल ही में डीईओ ने 3 नए केन्द्रों को खोलने का प्रस्ताव विभाग को भेजा है। बालोद जिले में 10वीं और 12 वीं बोर्ड़ 24 हजार 855 विद्यार्थी शामिल होंगे।

## आरबीआई ने छोटे उद्योगों को लोन पटाने में दी मोहलत

नई दिल्ली (आरएनएस)। रिजर्व बैंक ने बैंकों को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले (एमएसएमई) उद्यमों के फंसे कर्ज के एकबारगी पुनर्गठन (वन टाइम रीस्ट्रक्चरिंग) की छूट देते हुए नियम जारी किए। केन्द्रीय बैंक के एक वक्तव्य में कहा गया है कि रिजर्व बैंक ने एमएसएमई के फंसे कर्ज की एकबारगी पुनर्गठन किए जाने की अनुमति दे दी है। वक्तव्य के अनुसार, एमएसएमई के ऐसे कर्ज जिनकी किस्तों की अदायगी रुक गई है, लेकिन वे एक जनवरी 2019 को स्टैंडर्ड लोन कैटिगरी में हैं, उनकी एकबारगी रीस्ट्रक्चरिंग की जाएगी। ध्यान रहे कि जिन मुद्दों पर सरकार और आरबीआई के बीच खींचतान चली है, उनमें एमएसएमई के लिए रीस्ट्रक्चरिंग पैकेज भी एक है। नोटबंदी और जीएसटी लागू होने से नकदी संकट का सामना कर रहे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को आरबीआई का ताजा फैसला बहुत मददगार साबित होगा। चूंकि एमएसएमई सेक्टर देश की कुल मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में अपनी 50 प्रतिशत भागीदारी निभाती है। ऐसे में सरकार ने इस सेक्टर की मदद के लिए कई कदम उठाने का सुझाव दिया।




## महत्वपूर्ण एवं खास

### चलती कार में लगी भयानक आग, जिंदा जले 3 लोग

मास्को (आरएनएस)। रूस के मैग्नीटोगोर्स्क शहर में एक चलती कार में आग लगने से मंगलवार को तीन लोगों की मौत हो गई। चेल्याबिंस्क क्षेत्र के गवर्नर की प्रेस सेवा ने यह जानकारी दी। मैग्नीटोगोर्स्क के कार्ल मार्क्स स्ट्रीट तथा प्रवदा स्ट्रीट से गुजरते समय एक कार में आग लग गयी, जिसके कारण तीन लोगों की मौत हो गई। कार में दो गैस सिलेंडर थे। स्थानीय गृह मंत्रालय के अनुसार गैस उपकरण में खराबी के कारण कार में आग लगी थी।

### माली में हिंसा, 37 लोगों की मौत

बमाको (आरएनएस)। पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के मोप्ती क्षेत्र के एक गांव में हुए हमले में कम से कम 37 लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक कौलोगोन गांव में मंगलवार को स्थानीय समयानुसार शाम करीब पांच बजे हमलावरों ने ग्रामीण लोगों के कई घरों को जला दिया। हमलावर पारंपरिक शिकारी बताये जा रहे हैं।

### इटली में 4.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके

रोम (आरएनएस)। मध्य इटली में मंगलवार रात 4.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये गए। इटली की राष्ट्रीय भूभौतिकी एवं ज्वालामुखी संस्थान ने बताया कि भूकंप के झटके शाम छह बजकर 37 मिनट पर महसूस किये गए और इसका केंद्र एलज अचि‍ला प्रांत के कोल्ले लोंगो शहर के नजदीक धरती की सतह से लगभग 17 किलोमीटर नीचे था। भूकंप के कारण किसी के हताहत होने या सम्पत्ति नुकसान की सूचना नहीं है।

### इजराइल से आई झूठ पकड़ने की मशीन

नईदिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में अब जुर्म करके भाग जाने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी हो गई है. इसके लिए दिल्ली सरकार ने इजराइल से एक ऐसी मशीन मंगाई है जो आवाज की रिकॉर्डिंग मात्र की जांच कर झूठ पकड़ लेगी. इस मशीन को रोहिणी की फॉरेंसिक लैब में रखा गया है. यह अत्याधुनिक मशीन है.

### राजधानी में सुबह रही कड़कड़ाती ठंड, वायु गुणवत्ता बेहद खराब

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह कड़कड़ाती ठंड रही। यहां का तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो औसत तापमान से एक डिग्री नीचे है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दिल्ली में वायु प्रदूषण अब भी बेहद गंभीर स्तर पर है।

### आरजेडी नेता की गोलीमार कर हत्या, भीड़ ने की आगजनी

**आरोपी के बेटे को भी पीट-पीटकर मारा डाला**

नालंदा (आरएनएस)। शहर के दीपनगर में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के एक स्थानीय नेता इंदल पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि आपसी दुश्मनी की वजह से नेता की हत्या की गई। पुलिस मामले की जांच और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। उधर, गुस्साई भीड़ ने आरोपी के घर को आग के हवाले कर दिया। भीड़ यहीं नहीं रुकी और आरोपी के 13 साल के बेटे को भी बेरहमी से पीट दिया। इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई।

### पुंछ सेक्टर में एलओसी पर पाकिस्तान ने किया सीजफायर का उल्लंघन, भारतीय सेना दे रही है मुंहतोड़ जवाब

जम्मू-कश्मीर। घाटी के पुंछ सेक्टर में एलओसी पर पाकिस्तान ने फिर सीजफायर का उल्लंघन किया। भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है।

### विघुत विभाग ने तैयार किया नया सॉफ्टवेयर, अब मिनटों में सुधरेगा बिजली बिल

धमतरी। अब उपभोक्ताओं को बिल में त्रुटि होने की शिकायत नहीं मिलेगी। इसके लिए विद्युत विभाग ने एक ऐसा साफ्टवेयर तैयार किया है, जिसके माध्यम से करेक्ट बिल उपभोक्ताओं को मिलेगा।

## अश्लील सामग्री देने वालों को होगा 15 करोड़ का जुर्माना

### आईटी एक्ट में बदलाव की तैयारी में सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। अश्लील सामग्री देने वालों पर सरकार सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 (आईटी एक्ट) में बदलाव की पूरी तैयारी कर ली है।



रिपोर्ट के मुताबिक चाइल्ड पोर्नोग्राफी और फर्जी खबरों को फैलाने वाले ऐप व साइट पर तुरंत कार्रवाई होगी और इन्हें तत्काल प्रभाव से बंद किया जाएगा। नए नियम के मुताबिक यदि कोई मोबाइल ऐप या वेबसाइट आईटीएक्ट के नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाते हैं तो उनके ऊपर 15 करोड़ तक का जुर्माना या पूरी दुनिया में होने वाली कमाई का 4 फीसदी जुर्माना लगेगा। वहीं आईटी एक्स 69 ए के तहत सरकार किसी भी वेबसाइट और ऐप को बंद करने का आदेश दे सकती है।

बता दें कि पिछले सप्ताह ही इस मामले को लेकर एक बैठक हुई थी जिसमें साइबर लॉ डिवीजन, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, ऑइंटरनेट सेवा प्रदाता संघ के एक अधिकारी, गूगल, फेसबुक, व्हाट्सऐप, अमेजॉन, याहू, ट्विटर, शेयरचैट और सेबी के प्रतिनिधियों शामिल थे।

## मुख्यमंत्री कमल नाथ ने मंत्रालय में वर्ष 2019 के शासकीय कैलेंडर का किया विमोचन



भोपाल। मुख्यमंत्री कमल नाथ ने मंत्रालय में वर्ष 2019 के शासकीय कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और मुख्य सचिव एसआर मोहंती समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मंदिर मुद्दे पर पीएम मोदी पर संघ ने दिया ये बयान

नई दिल्ली। राम मंदिर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रुख साफ किए जाने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बयान आया है. संघ ने कहा है कि उसे (राम) मंदिर निर्माण की दिशा में प्रधानमंत्री का बयान सकारात्मक कदम लगता है.बता दें कि पीएम मोदी ने  को दिए इंटरव्यू में कहा कि राम मंदिर के लिए अभी ऑर्डिनेंस नहीं लाया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इसका रास्ता अपनाया जा सकता है.



**पालमपुर अधिवेशन के प्रस्ताव की दिलाई याद**

पीएम मोदी के बयान पर RSS ने कहा RSS हमें आज का प्रधानमंत्री जी का वक्तव्य मंदिर निर्माण की दिशा में सकारात्मक कदम लगता है. प्रधानमंत्री ने अयोध्या में श्रीराम के भव्य मंदिर बनाने के संकल्प का अपने साक्षात्कार में पुनः स्मरण करना यह भाजपा के पालमपुर अधिवेशन (1989) में पारित प्रस्ताव के अनुरूप ही है. पालमपुर अधिवेशन (1989) में मंजूर हए प्रस्ताव पर RSS ने कहा, इस प्रस्ताव में बीजेपी ने कहा था कि अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर बनाने के लिए आपसी बातचीत या उचित कानून बनाने का प्रयास करेंगे।

**अपना वादा पूरा करे सरकार**

RSS ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के चुनावी घोषणापत्र में अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए संविधान के दायरे में उपलब्ध सभी संभव प्रयास करने का वादा किया गया है.

इसके साथ ही RSS ने कहा कि भारत की जनता ने उन पर (नरेंद्र मोदी पर) विश्वास जताकर बीजेपी को बहुमत दिया. RSS के सह सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने कहा कि इस (मोदी) सरकार कार्यकाल में सरकार वह वादा (राम मंदिर का) पूरा करे, ऐसी भारत की जनता की अपेक्षा है.

## साल में 70 लाख टन लोहा बनाने वाला देश का इकलौता प्लांट बना बीएसपी

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के भीतर एक और नए संयंत्र ने आकार ले लिया है। 18 हजार 800 करोड़ की आधुनिकीकृत एवं विस्तारित परियोजना लगभग 9 साल बाद पूरी हुई। 14 जून 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे राष्ट्र को समर्पित किया। अब संयंत्र की मापित उत्पादन क्षमता 4 से बढ़कर अब 7 मिलियन टन हो गई है। इसके साथ ही बीएसपी हर साल 70 लाख टन इस्पात बनाने वाला देश का इकलौता संयंत्र बन गया है। बीएसपी की विस्तार परियोजना का ब्लू प्रिंट 2006-07 में तैयार हो गया था। परियोजना की आधारशिला तत्कालीन केन्द्रीय इस्पात मंत्री रामविलास पासवान ने फरवरी 2009 में रखी। शुरू में यह प्रोजेक्ट 11,000 करोड़ रुपए का था, जिसे 2013 में पूरा कर लिया जाना था। पांच साल की देरी से विस्तार परियोजना की लागत बढ़कर 17,266 करोड़ हो गई। पूरा होते-होते लागत 18,800 करोड़ रुपए पहुंच गई।



## सुप्रीम कोर्ट में होगी निकालने की उचित व्यवस्था पर सुनवाई

**मेघालय खनिक मामला**

नई दिल्ली (आरएनएस)। मेघालय में फंसे 13 खनिकों का कोई सुराग न मिलने के बाद अब मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। मिली जानकारी के अनुसार खनिकों का लगभग 20 दिन बाद तक कोई पता नहीं लग सका है, इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में मेंशन किया गया है। अब गुरुवार को दो जजों की बेंच इसकी सुनवाई करेगी। इन जजों में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) रंजन गोगोई और जस्टिस संजय किशन कौल शामिल होंगे।



उल्लेखनीय है कि एक वकील ने इस केस को सुप्रीम कोर्ट में मेंशन कर खनिकों को बाहर निकालने के लिए उचित व्यवस्था की मांग की थी। जिसके तहत जरूरी मैनपावर और सामान दिया जाए। दरअसल, खदान में पानी का जलस्तर काफी ज्यादा है, जिसकी वजह से गोताखोरों को अंदर जाने में परेशानी हो रही है। ज्यादा प्रेशर वाले पंप भी मांगे गए थे। अब तक मामले में प्रशासन को कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिली है। 28 दिसंबर के ऑपरेशन में खोजी दल सिर्फ तीन हेलमेट निकालने में सफल हुआ था।

बता दें कि ये खनिक 13 दिसंबर को एक कोयला खदान में फंस गए थे, जिन्हें अबतक निकाला नहीं जा सका है। एनडीआरएफ कई मौकों पर पर्याप्त सामान न होने की बात कह चुकी है। इस मामले का राजनीतिकरण भी हो चुका है। कांग्रेस समेत बाकी विपक्षी पार्टियों ने मामले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट कर पीएम पर निशाना भी साधा था।

## राहुल गांधी ने जो भी कहा, वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ है, कांग्रेस सच को नकार रही है- अरुण जेटली

नई दिल्ली। राफेल पर राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए सरकार की ओर से वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा कि राहुल गांधी ने जो भी कहा है वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ है. कांग्रेस सच को नकार रही है, राहुल गांधी ने जो भी कहा, वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ है, कांग्रेस सच को नकार रही है।



टेप फर्जी है इसलिए राहुल गांधी घबरा रहे हैं, कुछ लोगों को सच पसंद नहीं- अरुण जेटली

राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं, वो जिस टेप की बात कर रहे हैं वो पूरी तरह फर्जी है इसलिए सत्यता नहीं बताई- अरुण जेटली

अरुण जेटलीः राफेल पर 6 महीने बहुत झूठ बोला गया

अरुण जेटलीः कुछ परिवारों को सिर्फ पैसे का गणित समझ में आता है

अरुण जेटलीः राफेल पर राहुल गांधी लगातार झूठ बोल रहे

गोवा के CM और मंत्री पहले ही कह चुके हैं कि वह टेप फर्जी हैः अरुण जेटली

इस देश में कुछ परिवार ऐसे हैं जिनको पैसे का गणित तो समझ में आता है लेकिन देश की सुरक्षा का गणित समझ नहीं आता हैः अरुण जेटली

## नववर्ष कार्यक्रमों में 50 घायल

ब्यूनस आयर्स (आरएनएस)। ब्यूनस आयर्स में नए साल की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रमों में शहरभर में लगभग 50 लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी एफे की बुधवार की रिपोर्ट के अनुसार, तीन विभिन्न अस्पतालों द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में दिखाया गया है कि इन मामलों में पिछले साल की तुलना में कमी आई है। इन अस्पतालों में से दो अस्पताल विशेष तौर पर आंखों संबंधी तथा एक अस्पताल त्वचा जलने का इलाज करते हैं। त्वचा जलने का इलाज करने वाले अस्पताल में 10 वयस्कों और पांच बच्चों का इलाज किया गया। हॉस्पिटल म्यूनीसिपल क्वेमेडोस के आपातकाल विभाग की प्रमुख सांमथा फोस्टर ने कहा, ये मामले पिछले साल की तुलना में आधे हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रव्यापी और ब्यूनस आयर्स शहर के जागरूकता कार्यक्रमों, समाचार रिपोर्ट्स और अग्निशमन कर्मियों के माध्यमों से इन मामलों की संख्या पता लगाने में मदद मिली है। अन्य दो अस्पतालों में 15 बच्चे और 20 वयस्क अपना इलाज करा रहे थे। लेग्लेज हॉस्पिटल में आपातकाल विभाग प्रभारी रुबेन केसल ने कहा कि आपातकाल में भर्ती होने वाले 20 मरीजों में 16 आतिशबाजी तथा चार लोग शेंपेन की कॉर्क से चोटिल हुए थे।



## जीएसटी गिरकर 94726 करोड़ रुपये पर पहुंचा

नई दिल्ली (आरएनएस)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत राजस्व संग्रह में लगातार दूसरे महीने दिसंबर में गिरावट दर्ज की गई है, जो 94,726 करोड़ रुपये रहा। जबकि नवंबर में यह 97,637 करोड़ रुपये था। हालांकि टैक्स रिटर्न दाखिल करने में तेजी दर्ज की गई है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 31 दिसंबर तक कुल 72.44 जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल किए गए हैं, जबकि नवंबर में यह संख्या कुल 69.6 लाख थी।




इसमें सीजीएसटी 16,442 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 22,459 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 47,936 करोड़ रुपये (आयात पर संग्रह किये गये 23,635 करोड़ रुपये सहित) तथा चुंगी 7,888 करोड़ रुपये (आयात पर एकत्रित 838 करोड़ रुपये सहित) है। दिसंबर में एकत्र राजस्व नवंबर में हुए लेन-देन से संबंधित हैं। जीएसटी संग्रह अक्टूबर (सितंबर में हुए लेन-देन के) में एक लाख करोड़ रुपये को पार कर गया था और कुल 1,00,710 करोड़ रुपये था, जोकि नवंबर (अक्टूबर में हुए लेन-देन के लिए) में गिरकर 97,637 करोड़ रुपये रहा।